सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 12 अंक : 18 | इंदौर, शुक्रवार 07 अगस्त, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## रांची में भूख हड़ताल पर बैठे राहुल की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल ले जाया गया



**नई दिल्ली,(एजेंसी)** रांची में दो हफ्तों से जारी छात्रों के आंदोलन के बीच भूख हड़ताल पर बैठे राहुल की तबीयत अचानक बिगड़ गई. राहुल उन प्रदर्शनकारियों में शामिल हैं, जो लगातार अनशन पर बैठे हुए हैं. हालत बिगड़ने के बाद मौके पर मौजूद डॉक्टर उन्हें अस्पताल ले जा रहे हैं. छात्रों का यह प्रदर्शन JPSC और JSSC परीक्षाओं में कथित गड़बड़ी और पेपर लीक के खिलाफ चल रहा है.

प्रदर्शन कर रहे छात्रों का कहना है कि यह सिर्फ एक व्यक्ति की तबीयत का मामला नहीं है, बल्कि लंबे समय से चली आ रही नाराजगी का नतीजा है. उन्होंने कहा कि उनकी बात सुनी जाए. छात्रों के मुताबिक उन्होंने राहुल गांधी से भी बात की है और उन्होंने उनकी मांग का समर्थन किया है. अब वे मुलाकात के लिए समय मिलने का इंतजार कर रहे हैं.

राहुल आमरण अनशन पर हैं. छात्र कह रहे हैं कि वह चार दिन से भूखे प्यासे हैं और इसी वजह से उनकी हालत बिगड़ी है. उनका शरीर तप रहा था. राहुल ने कई परीक्षाएं दीं, सहायक शिक्षक परीक्षा पास की, लेकिन भर्ती के बावजूद नियुक्ति नहीं मिली. छात्रों का आरोप है कि सरकार में बैकडोर से सेटिंग हुई और वे पेपर सेट करते रह गए. प्रदर्शन में शामिल 27 साल की सविता की कहानी भी इस आंदोलन की तकलीफ दिखाती है. सविता का कहना है कि उनके पापा ने सबसे लड़कर उन्हें पढ़ाया, लेकिन अब घर कैसे जाएं. उनका कहना है कि उम्र बीत रही है, मेहनत की है, लेकिन सिस्टम धोखा दे देता है.

## ताबड़तोड़ फायरिंग से दहला इस देश का स्कूल, छात्र ने चलाईं अंधाधुंध गोलियां, कई घायल

**बैंकॉक,(एजेंसी) थाईलैंड में एक बार फिर स्कूल शूटिंग की दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। राजधानी बैंकॉक के उत्तर-पश्चिम में स्थित नोनथाबुरी प्रांत के एक प्रसिद्ध स्कूल में छात्र द्वारा की गई अंधाधुंध गोलीबारी से हड़कंप मच गया। घटना के तुरंत बाद आपातकालीन सेवाओं और पुलिस बल को मौके पर तैनात किया गया। फिलहाल हमले में मारे गए या घायल हुए लोगों की सटीक संख्या स्पष्ट नहीं हो पाई है।**

पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह खौफनाक वारदात नोनथाबुरी प्रांत के बैंग क्रुआई जिले में स्थित 'देबसिरिन नोनथाबुरी स्कूल' में हुई। पुलिस विभाग ने पुष्टि की है कि गोलीबारी करने वाला हमलावर उसी स्कूल का एक छात्र है।

हालांकि, छात्र की पहचान और हमले के पीछे की वजहों को लेकर विस्तृत जानकारी अभी साझा नहीं की गई है। प्लाई बैंग उपजिले के पुलिस प्रमुख लेफ्टिनेंट कर्नल पासाकोर्न चैतावियोंग ने मीडिया को बताया कि क्षेत्र में राहत कार्य जारी है और हताहतों की कुल संख्या की पुष्टि की जा रही है।

### ● नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी बन रहा एमपी, सीएम बोले-

# 2030 तक राष्ट्रीय लक्ष्य में निभाएगा बड़ी भूमिका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि मध्य प्रदेश नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है और वर्ष 2030 तक देश के 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता के राष्ट्रीय लक्ष्य को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य में सौर ऊर्जा, ऊर्जा भंडारण और हरित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम किया जा रहा है, जिससे मध्य प्रदेश देश के अग्रणी ग्रीन एनर्जी हब के रूप में उभर रहा है। मुख्यमंत्री नई दिल्ली में आयोजित 7वें अंतरराष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा सम्मेलन एवं प्रदर्शनी-2026 में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने मध्य प्रदेश की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं का प्रस्तुतीकरण भी किया। सम्मेलन में केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी, केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी, भूटान और श्रीलंका के ऊर्जा मंत्री सहित देश-विदेश के विशेषज्ञ और उद्योग जगत के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### सीएम ने मेट्रो एक्सप्रेस लाइन में की यात्रा

सम्मेलन में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री यादव ने एयरपोर्ट से दिल्ली मेट्रो की एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन से यात्रा की। उन्होंने कहा कि दिल्ली मेट्रो बड़े पैमाने पर सौर ऊर्जा का उपयोग करती है, इसलिए मेट्रो से सफर कर उन्होंने स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरण अनुकूल सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले 12 वर्षों में मध्य प्रदेश की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 438 मेगावाट से बढ़कर 11 हजार मेगावाट हो गई है, जो लगभग 25 गुना वृद्धि है। पिछले दो वर्षों में राज्य सरकार ने नवीकरणीय ऊर्जा, पंप्ड हाइड्रो ऊर्जा भंडारण और बायोमास से जुड़ी नई नीतियां लागू की हैं, जिससे निवेश और नई तकनीकों को बढ़ावा मिला है।



### 278 मेगावाट क्षमता की बड़ी फ्लोटिंग परियोजना शुरू

उन्होंने कहा कि 750 मेगावाट की रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर परियोजना ने देश में पहली बार सौर ऊर्जा का टैरिफ कोयला आधारित बिजली से भी कम कर दिखाया। इस परियोजना को वर्ल्ड बैंक ग्रुप प्रेसिडेंट्स अवार्ड फॉर एक्सीलेंस मिल चुका है और इसकी केस स्टडी हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में पढ़ाई जाती है। वहीं आगर-शाजापुर-नीमच की 1,500 मेगावाट सौर परियोजना में 2.14 रुपये प्रति यूनिट का रिकॉर्ड न्यूनतम सौर टैरिफ हासिल हुआ है, जिससे भारतीय रेलवे को आठ राज्यों में हरित ऊर्जा मिल रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में 278 मेगावाट क्षमता की देश की सबसे बड़ी फ्लोटिंग सोलर परियोजना शुरू हो चुकी है। इसके अलावा 'सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना' के तहत करीब 14,900 मेगावाट क्षमता के प्रस्ताव मिले हैं, जिनमें किसानों और एमएसएमई क्षेत्र की अच्छी भागीदारी है।

### एमपी ऊर्जा भंडारण पर तेजी से काम कर रहा

ऊर्जा भंडारण को लेकर भी मध्य प्रदेश तेजी से काम कर रहा है। मुरैना में 440 मेगावाट सौर ऊर्जा और 880 मेगावाट-घंटा बैटरी ऊर्जा भंडारण परियोजना विकसित की जा रही है। साथ ही 4 घंटे, 6 घंटे और 24 घंटे तक बिजली उपलब्ध कराने वाली ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं पर भी काम जारी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि रूफटॉप सोलर योजना के तहत 1,300 सरकारी भवनों पर 48 मेगावाट क्षमता के सौर संयंत्र लगाए जा रहे हैं। वहीं प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के तहत प्रदेश के करीब 1.5 लाख घरों में 566 मेगावाट क्षमता के रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत स्वच्छ और हरित ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि देश जल्द ही 300 गीगावाट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता का आंकड़ा पार कर लेगा और इसमें मध्य प्रदेश जैसे राज्यों का महत्वपूर्ण योगदान है।

# इंदौर का आईएसबीटी बनेगा आधुनिक ट्रांसपोर्ट हब

### बस-मेट्रो-रेल कनेक्टिविटी से 50 हजार यात्रियों को फायदा मिलेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के कुमेड़ी स्थित इंटर-स्टेट बस टर्मिनल (आईएसबीटी) का संचालन और रखरखाव और मजबूत होगा। यह टर्मिनल बस, मेट्रो और रेलवे की एकीकृत कनेक्टिविटी के साथ प्रतिदिन 50 से 55 हजार यात्रियों को सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। करीब 5.85 हेक्टेयर (14.46 एकड़) में फैले इस आईएसबीटी में प्रतिदिन 1,500 से अधिक बसों के संचालन की क्षमता होगी। यह टर्मिनल मध्य प्रदेश को गुजरात, राजस्थान, दिल्ली सहित अन्य राज्यों से जोड़ने वाला प्रमुख परिवहन केंद्र बनेगा।**

इसके संचालन की जिम्मेदारी अब बीवीजी इंडिया लिमिटेड को सौंपी गई है। लीज के तहत कंपनी इस अत्याधुनिक मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब का संचालन करेगी। आईएसबीटी कुमेड़ी को एयरपोर्ट स्तर के मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब के रूप में विकसित किया गया है। यहां समर्पित फुटओवर ब्रिज (एफओबी) के माध्यम से मेट्रो स्टेशन का सीधा संपर्क रहेगा, जिससे यात्रियों को बस और मेट्रो के बीच आसानी से आवागमन की सुविधा मिलेगी।



भविष्य में रेलवे कनेक्टिविटी के साथ यह प्रदेश के सबसे आधुनिक सार्वजनिक परिवहन केंद्रों में शामिल होगा। कंपनी टर्मिनल के संचालन, रखरखाव और समग्र प्रबंधन की जिम्मेदारी निभाएगी। इसके तहत इंजीनियरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, यात्री सुविधाएं, पार्किंग, ट्रैफिक प्रबंधन, सुरक्षा, व्यावसायिक गतिविधियां, यूटिलिटी सेवाएं और डिजिटल संचालन का प्रबंधन एकीकृत सुविधा मॉडल के तहत किया जाएगा। टर्मिनल में डिजिटल एसेट मैनेजमेंट, ऑटोमेटेड पार्किंग, डिजिटल भुगतान, सीसीटीवी निगरानी, सार्वजनिक सूचना प्रणाली, शिकायत निवारण व्यवस्था और रियल-टाइम ऑपरेशनल डैशबोर्ड जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। वहीं मशीनीकृत सफाई और प्रिवेंटिव मेंटेनेंस के जरिए बिजली, जलापूर्ति, लिफ्ट, एयर कंडीशनिंग और सीवेज ट्रीटमेंट जैसी सेवाओं को निर्बाध बनाए रखा जाएगा। प्रोजेक्ट में सौर ऊर्जा उत्पादन, ऊर्जा दक्ष उपकरण, सीवेज जल का पुनर्चक्रण, वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन, जैविक अपशिष्ट प्रसंस्करण, जल संरक्षण और हरित लैंडस्केपिंग जैसी पर्यावरण अनुकूल व्यवस्थाएं भी विकसित की जाएंगी, जिससे टर्मिनल को एक टिकाऊ और हरित परिवहन केंद्र बनाया जा सके। आईएसबीटी परिसर में लगभग 30 हजार वर्गफुट क्षेत्र में रिटेल और व्यावसायिक गतिविधियां विकसित की जाएंगी।

# इंदौर में आयोजित ISFMG-2026 सुरक्षित एवं टिकाऊ आधारभूत संरचनाओं के निर्माण में बनेगी मील का पत्थर : मंत्री श्री सिलावट

## इंदौर में 12वीं अंतरराष्ट्रीय फील्ड मॉनिटरिंग इन जियोमैकेनिक्स संगोष्ठी का शुभारंभ

**● 30 से अधिक देशों के विशेषज्ञ कर रहे सहभागिता, सुरक्षित एवं टिकाऊ आधारभूत संरचना पर होगा मंथन**



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने गुरुवार को इंदौर के होटल रेडिसन में आयोजित 12वीं अंतरराष्ट्रीय फील्ड मॉनिटरिंग इन जियोमैकेनिक्स संगोष्ठी (ISFMG-2026) का शुभारंभ किया। यह संगोष्ठी 10 अगस्त तक आयोजित होगी। इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 30 से अधिक देशों के लगभग 250 वैज्ञानिक, शोधकर्ता, अभियंता, सरकारी अधिकारी तथा उद्योग जगत के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

अपने उद्बोधन में मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने देश-विदेश से आए सभी विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह सम्मेलन जल संसाधनों और आधारभूत संरचनाओं की सुरक्षा एवं सतत विकास की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि बांध, जलाशय, नहरें, पुल, सुरंगें तथा अन्य सार्वजनिक संरचनाएं किसी भी राष्ट्र की प्रगति की आधारशिला होती हैं। इनकी नियमित निगरानी और आधुनिक तकनीकों के उपयोग से संभावित जोखिमों की समय रहते पहचान कर जन-सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है तथा रखरखाव की लागत भी कम की जा सकती है।

श्री सिलावट ने कहा कि मध्यप्रदेश में नदियों, बांधों और सिंचाई परियोजनाओं का व्यापक नेटवर्क है। ऐसे में इस संगोष्ठी में साझा किए जाने वाले वैश्विक अनुभव, अनुसंधान और सर्वोत्तम कार्यप्रणालियां प्रदेश के जल प्रबंधन, सिंचाई व्यवस्था, बाढ़ नियंत्रण तथा आपदा प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होंगी। उन्होंने सरकार, शैक्षणिक संस्थानों, उद्योग जगत एवं अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों के बीच बेहतर समन्वय और सहयोग की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने इस प्रतिष्ठित सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए आईआईटी इंदौर की प्रो. नीलिमा सत्यम एवं उनकी पूरी टीम, इंडियन जियोटेक्निकल सोसायटी तथा सहयोगी संस्थाओं को बधाई दी। साथ ही सभी प्रतिभागियों से इंदौर एवं मध्यप्रदेश की समृद्ध संस्कृति, विरासत और आतिथ्य का अनुभव करने का आग्रह करते हुए सम्मेलन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि 12वीं अंतरराष्ट्रीय फील्ड मॉनिटरिंग इन जियोमैकेनिक्स संगोष्ठी (ISFMG-2026) का इंदौर में आयोजन मध्यप्रदेश और देश के लिए गौरव का विषय है। यह पहली बार है जब इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन भारत में हो रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस संगोष्ठी से प्राप्त ज्ञान, नवीन तकनीकों और वैश्विक अनुभवों का लाभ देश और प्रदेश में सुरक्षित, सुदृढ़ एवं टिकाऊ आधारभूत संरचनाओं के निर्माण में मिलेगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'हर घर जल' संकल्प और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में जल संरचनाओं के संरक्षण और सुदृढ़ीकरण पर विशेष बल दिया जा रहा है। आधुनिक फील्ड मॉनिटरिंग तकनीकों की मदद से आधारभूत संरचनाओं में संभावित जोखिमों की समय रहते पहचान कर बांध सुरक्षा, सिंचाई प्रबंधन, बाढ़ नियंत्रण और आपदा प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।

श्री सिलावट ने कहा कि मध्यप्रदेश जल संरक्षण की समृद्ध परंपरा वाला प्रदेश है। यहां 47 हजार से अधिक तालाबों और 5,839 अमृत सरोवरों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन का कार्य योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है। नर्मदा, ताप्ती और चंबल सहित 207 नदियों से समृद्ध मध्यप्रदेश को नदियों का मायका कहा जाता है।

उन्होंने कहा कि सरकार, शैक्षणिक संस्थानों, अनुसंधान संगठनों, उद्योग जगत और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों के बीच मजबूत समन्वय से ही सुरक्षित और टिकाऊ आधारभूत संरचनाओं का निर्माण संभव है। आईआईटी इंदौर जैसे संस्थानों में हो रहे शोध और नवाचार को आमजन, किसानों और विकास परियोजनाओं तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है।

मंत्री श्री सिलावट ने विश्वास व्यक्त किया कि ISFMG-2026 संगोष्ठी नए विचारों, अत्याधुनिक तकनीकों और वैश्विक अनुभवों के आदान-प्रदान का प्रभावी मंच सिद्ध होगी। उन्होंने सभी वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, वक्ताओं और प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए देश-विदेश से आए अतिथियों से इंदौर और मध्यप्रदेश की समृद्ध संस्कृति, विरासत और आत्मीय आतिथ्य का अनुभव करने का आग्रह किया।

इस अवसर पर डॉ. मारवान, डॉ. एन्ड्रु रिडली, डॉ. पॉल बारटन, डॉ. अनिल जोसफ, प्रो. निलिमा तथा डॉ. ए.पी. सिंह उपस्थित थे।

# इंदौर में 8 और 9 अगस्त को होगा वेस्ट जोन रीजनल कॉन्फ्रेंस

**देश के मुख्य न्यायाधीश सहित सर्वोच्च एवं उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश होंगे शामिल**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर तथा मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के संयुक्त तत्वाधान में 8 एवं 9 अगस्त 2026 को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में वेस्ट जोन रीजनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा।**

दो दिवसीय इस सम्मेलन में भारत के मुख्य न्यायाधीश, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री, कानून और न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), मुख्य न्यायाधीश, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष, पश्चिमी क्षेत्र के उच्च न्यायालयों के विधिक सेवा समितियों के अध्यक्ष और पश्चिमी क्षेत्र के राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों के सदस्य सचिव, न्यायिक अधिकारी और अन्य प्रतिष्ठित नागरिक शामिल होंगे।

# जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 08 अगस्त को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) बैठक 08 अगस्त 2026 शनिवार को प्रातः 11:00 बजे कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 102 में आयोजित की जाएगी। बैठक में नशामुक्त भारत अभियान (NMBA) के अंतर्गत जिले में संचालित जन-जागरूकता, नशामुक्ति एवं नशा रोकथाम संबंधी गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा,पीएम श्री स्कूल योजना के अंतर्गत विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, छात्रावास (आवासीय विद्यालय), पीएम पोषण (मिड-डे मील) तथा अन्य शैक्षणिक सुविधाओं के संचालन एवं प्रगति की समीक्षा, रोजगार, स्वरोजगार एवं कौशल विकास से संबंधित केंद्र शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, रोजगार सृजन, प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं उपलब्धियों की प्रगति पर समीक्षा की जायेगी।

# इंदौर जिले में आज से शुरू होगा मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान

**संभागायुक्त, कलेक्टर सहित अन्य सभी अधिकारी एक ही बस में सवार होकर पहुंचेंगे गांव**

**● कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने ली समीक्षा बैठक, प्रभावी आयोजन के दिये निर्देश**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार 'मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026' के इंदौर जिले में 7 अगस्त शुक्रवार से ग्राम अम्बा चन्दन से प्रारंभ हो रहा है। अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों तक शासन-प्रशासन की पहुंच को और अधिक सशक्त बनाना, क्षेत्र भ्रमण के माध्यम से समस्याओं का मौके पर निराकरण करना, शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा लोक सेवाओं का समय-सीमा में प्रदाय सुनिश्चित करना है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा द्वारा अभियान के सफल संचालन के लिए विस्तृत आदेश जारी किए गए है। उक्त आदेशानुसार 7 अगस्त से 8 जनवरी 2027 तक प्रत्येक शुक्रवार को निर्धारित स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के शुभारंभ अवसर पर 7 अगस्त को संभागायुक्त श्री भास्कर लक्षकार, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा सहित जिला प्रशासन के सभी वरिष्ठ अधिकारी एक साथ बस में सवार होकर ग्राम अंबा चंदन पहुंचेंगे। अधिकारियों की बस प्रातः 8:30 बजे कलेक्टर कार्यालय परिसर से रवाना होगी। अभियान के तहत सभी अधिकारी ग्राम अंबा चंदन में आयोजित कार्यक्रम एवं शिविर में सहभागिता करेंगे।

अभियान की समीक्षा के लिए कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने आज कलेक्टर कार्यालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हिमांशु प्रजापति भी विशेष रूप से मौजूद थे । बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने तैयारियों की समीक्षा की और अभियान के प्रभावी तथा परिणाममूलक आयोजन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह अभियान अत्यन्त महत्वपूर्ण अभियान है। इस अभियान का समयबद्ध क्रियान्वयन किया जाए। बताया गया कि अभियान के तहत प्रत्येक शुक्रवार को जिले के नगर निगम, नगर परिषद एवं जनपद पंचायत क्षेत्रों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में जिला प्रशासन, स्थानीय निकायों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर आम नागरिकों की समस्याएं सुनेंगे और उनका यथासंभव मौके पर ही निराकरण करेंगे। साथ ही विकास कार्यों, शासकीय योजनाओं, लोक सेवा गारंटी से संबंधित सेवाओं एवं अन्य जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा भी की जाएगी। संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को अभियान का नोडल अधिकारी बनाया गया है।

अभियान का शुभारंभ 7 अगस्त (शुक्रवार) को जनपद पंचायत महू के अम्बाचंदन से होगा। इस अवसर पर शिविर भी आयोजित किया जाएगा। इसके बाद 14 अगस्त को नगर निगम इंदौर के जोन क्रमांक-15 में शिविर होगा। इसी तरह 21 अगस्त को जनपद पंचायत सांवेर के लसूड़िया परमार, 11 सितंबर को नगर परिषद गौतमपुरा, 18 सितंबर को जनपद पंचायत महू के कांकरिया, 25 सितम्बर को इंदौर नगर निगम के जोन क्रमांक-6 सहित विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में क्रमवार शिविर आयोजित किए जाएंगे। यह अभियान 8 जनवरी 2027 तक जिले के सभी निर्धारित क्षेत्रों में संचालित होगा।

अभियान के दौरान जनसंवाद कार्यक्रमों के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाएगा। यदि किसी समस्या का समाधान जिला स्तर पर संभव नहीं होगा अथवा राज्य स्तर के निर्णय, नीति, बजट या तकनीकी स्वीकृति की आवश्यकता होगी तो ऐसे प्रकरणों का संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर समयबद्ध निराकरण कराया जाएगा। साथ ही सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई तथा लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की विशेष समीक्षा कर उनके शीघ्र निराकरण के निर्देश भी दिए गए हैं।

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि वे अपने अधीनस्थ अधिकारियों की निर्धारित तिथि पर उपस्थिति सुनिश्चित करें तथा संबंधित शासकीय संस्थाओं के निरीक्षण के लिए पूर्व तैयारी कर आवश्यक निरीक्षण प्रपत्र उपलब्ध कराएं। अभियान के दौरान विद्यालयों, स्वास्थ्य संस्थाओं, आंगनवाड़ी केन्द्रों, लोक सेवा केन्द्रों, पेयजल एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं का भी निरीक्षण किया जाएगा, जिससे आम नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

यह भी निर्देश दिए गए हैं कि अभियान की समस्त गतिविधियों की मॉनिटरिंग पोर्टल आधारित होगी तथा सभी अधिकारी निर्धारित प्रारूप के अनुसार समयबद्ध रूप से जानकारी दर्ज करेंगे। कार्यक्रमों का आयोजन सादगी एवं मितव्ययिता के साथ किया जाएगा, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं किया जाएगा तथा पूर्व निर्मित अधोसंरचनाओं का ही उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। भ्रमण के दौरान वाहनों की संख्या भी सीमित रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# चाचा नेहरू बाल अस्पताल की समिति के पुनर्गठन और वित्तीय प्रबंधन दुरुस्त किया जायेगा

## शासकीय महिला पॉलिटेक्निक में स्टडी शेड्यूल में बदलाव आंतरिक समिति द्वारा सम्भव

● संभागायुक्त श्री लक्षकार ने चाचा नेहरू बाल अस्पताल, महिला पॉलिटेक्निक और रॉबर्ट नर्सिंग होम की बैठक ली



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। संभागायुक्त श्री भास्कर लक्षकार ने गुरुवार को संभागायुक्त कार्यालय में लगातार कई बैठकें आयोजित की। सबसे पहले उन्हें चाचा नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान के पश्चात शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज और फिर रॉबर्ट नर्सिंग होम की बैठक की। बैठक के दौरान संभागायुक्त श्री लक्षकार ने सभी से उन पहलुओं पर जानकारी ली जहां संस्था को क्रियान्वयन या संचालन आदि में किसी तरह से समस्या आ रही है। चाचा नेहरू अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अरविंद कुमार शुक्ल और डॉ. सुनील आर्य द्वारा बताया गया कि लंबे समय से एक ही समिति द्वारा संचालन किया जा रहा है। साथ ही समिति में छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी समिति से अनुमति प्राप्त करना होती है, इसलिए कार्य में देरी आ रही है। इस संबंध में संभागायुक्त श्री लक्षकार ने कहा कि समिति का पुनर्गठन बायलॉज के अनुसार करें। साथ ही वित्तीय प्रबंधन ने लिए भी व्यवस्थाएं दुरुस्त करना आवश्यक है। इसका प्रस्ताव भी मांगा गया है। संभागायुक्त श्री लक्षकार ने पुराने अस्पताल का जीर्णोद्धार या नवीन भवन का प्रस्ताव भी तैयार करने के निर्देश दिए है। शासकीय महिला पॉलिटेक्निक द्वारा कक्षाएं संचालन के लिये समय बदलाव का प्रस्ताव और छात्रावास के संधारण संबंधी समस्याएं बताई गई। संभागायुक्त श्री लक्षकार ने आंतरित समिति द्वारा सर्व सम्मति से निर्णय लिया जाये साथ ही जनभागीदारी समिति की बैठक आयोजित कराई जाये। साथ ही कॉलेज द्वारा ड्रापआउट होने वाले विद्यार्थियों की नए सिरे से समीक्षा की जाये।

बैठक में बताया गया कि शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज की स्थापना वर्ष 1993 में हुई थी। कॉलेज में एआईसीटीई (AICTE) और सीओए (COA) द्वारा तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम स्वीकृत हैं। यहाँ आर्किटेक्चर एंड इंटीरियर डिज़ाइन, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, फैशन टेक्नोलॉजी तथा होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी के पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं। कॉलेज में सभी पाठ्यक्रमों में करीब डेढ़ सौ सीटें हैं और सभी में प्रवेश शत-प्रतिशत होते हैं। कॉलेज में लैब, हॉस्टल, मेस आदि की सुविधाएँ उपलब्ध हैं।

बैठक में संभागायुक्त श्री लक्षकार ने कहा कि राबर्ट नर्सिंग होम की स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर किया जाये, ताकि उपचार के लिये आने वाले गरीब एवं मध्यवर्गीय मरीजों को बेहतर सुविधा मिले। बैठक में राबर्ट नर्सिंग होम ट्रेस्ट से जुड़े श्री किशोर रघुवंशी और श्री विनय झेलावत ने बताया कि राबर्ट नर्सिंग होम की स्थापना करीब सवा सौ वर्ष पूर्व हुई थी। यहाँ प्रसूति सेवाओं सहित कीमोथेरेपी, डायलिसिस आदि की सुविधाएँ प्रदान की जाती हैं। रॉबर्ट नर्सिंग होम की बैठक प्रथक से की जायेगी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हिमांशु प्रजापति, डॉ. मुकेश खापरा, श्रीमती एस.एस. लाल सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

थाना राऊ व राजेंद्र नगर पुलिस के जवानों की तत्परता

## अचानक बाइक से गिरकर बेहोश हुए छात्र को दिया सीपीआर, अस्पताल पहुँचाकर बचाई जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



इंदौर। थाना राऊ व राजेंद्र नगर क्षेत्र में कावड़ यात्रा में पेट्रोलिंग कर रहे पुलिस जवानों ने त्वरित सतर्कता और सूझबूझ का परिचय देते हुए एक युवक की जान बचाई। बताया गया कि मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहे दो छात्रों में से पीछे बैठा छात्र अचानक चलती बाइक से नीचे गिर गया और मौके पर ही बेहोश हो गया। घटना के वक्त क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर रहे थाना राऊ के प्रधान आरक्षक बलराम चौहान व राजेंद्र नगर के राहुल बोर्डिया और विवेक प्रजापति की नजर तुरंत बेहोश पड़े छात्र पर पड़ी। जवानों ने बिना समय गंवाए तत्काल छात्र के पास पहुँचकर स्थिति को संभाला और उसे प्राथमिक उपचार के रूप में सीपीआर दिया।

सीपीआर देने के बाद जवानों ने तुरंत एक ऑटो रिक्शा की व्यवस्था की और छात्र को अविलंब नजदीकी अस्पताल पहुँचाया, जहाँ डॉक्टरों की देखरेख में उसका उपचार शुरू किया गया। समय पर मिले सीपीआर और त्वरित अस्पताल पहुँचाए जाने से छात्र की जान बच सकी। क्षेत्रीय रहवासियों और राहगीरों ने पुलिस जवानों की इस सतर्कता, मानवीयता और त्वरित कार्रवाई की प्रशंसा की गई।

# बेटी के प्रेमी ने उतारा था मौत के घाट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। करीब छह वर्ष पुराने संजय-रश्मि (परिवर्तित नाम) डबल मर्डर केस में इंदौर की जिला कोर्ट ने गुरुवार को बड़ा फैसला सुनाते हुए मुख्य आरोपी डीजे उर्फ धनंजय उर्फ शुभांशु यादव (25) को दोहरे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी को हत्या के दो अलग-अलग मामलों में दो-दो आजीवन कारावास के अलावा अन्य धाराओं में भी कठोर कारावास और कुल 33 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।**



28वें अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हेमंत कुमार रघुवंशी की कोर्ट ने इस चिन्हित केस में यह फैसला सुनाया। यह सनसनीखेज वारदात दिसंबर 2020 की रात शहर के एक पश्चिमी क्षेत्र के मकान में हुई थी। आरोपी धनंजय का मृतक दंपती की नाबालिग बेटी से प्रेम संबंध था। इसी संबंध के चलते उसने अपने प्रेमी से मिलकर युवती के माता-पिता की धारदार हथियार से बेरहमी से हत्या कर दी। घटना की जानकारी दंपती के बेटे ने पुलिस को दी। उसने बताया कि सुबह जब परिवार के लोग घर पहुंचे तो बाहर से ताला लगा मिला। अंदर झांकने पर माता-पिता खून से लथपथ पड़े मिले, जबकि उसकी बहन घर से गायब थी। जांच के दौरान पुलिस को घर से एक हाथ से लिखा पत्रा मिला, जिसमें लिखा था कि 'मैंने ही अपने माता-पिता की हत्या की है, मुझे ढूंढने की कोशिश मत करना।' पुलिस ने इसे गंभीरता से जांचा, लेकिन घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में एक संदिग्ध युवक घर में आते-जाते दिखाई दिया। परिजनों ने उसकी पहचान धनंजय के रूप में की। इसके बाद पुलिस ने आरोपी और एक बाल अपचारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जहां दोनों ने अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस जांच के दौरान घटनास्थल के दरवाजे पर चिपकी च्यूइंग गम भी अहम साक्ष्य बनी। उसकी डीएनए जांच आरोपी से मेल खाई। इसके अलावा हत्या में इस्तेमाल धारदार हथियार (संतूर), घटना के समय पहने कपड़े और अन्य वैज्ञानिक साक्ष्य भी पुलिस ने जब्त किए, जिन्होंने कोर्ट में अभियोजन के मामले को मजबूत किया।

## अब तक सिर्फ 15 इंच पानी गिरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इन्दौर। मानसून का आधा सफर बीत जाने के बाद भी इंदौर शहर अच्छी बारिश का इंतजार कर रहा है। मानसून शुरू होने के दो महीने में शहर में केवल 15 इंच



बारिश दर्ज की गई है, जो पिछले 10 साल में इस अवधि की सबसे कम बारिश है। जुलाई के पहले हफ्ते के बाद इंदौर में कोई मजबूत बारिश सिस्टम असर नहीं दिखा सका। शहर के अलग-अलग हिस्सों में बारिश भी एक जैसी नहीं हुई। एयरपोर्ट, राजबाड़ा और रीगल क्षेत्र में ज्यादा बारिश हुई, जबकि पूर्वी हिस्सा करीब 13 इंच बारिश तक ही सीमित रहा। कम बारिश का सीधा असर शहर की पेयजल व्यवस्था और जलाशयों पर पड़ने लगा है। 34 फीट क्षमता वाला बड़ा बिलावली तालाब अभी भी काफी खाली है, जबकि छोटा बिलावली तालाब पूरी तरह सूख चुका है। शहर को पानी सप्लाई करने वाले 19 फीट क्षमता वाले यशवंत सागर का जलस्तर घटकर सिर्फ 12 फीट रह गया है। इससे आने वाले समय में पानी की समस्या को लेकर चिंता बढ़ गई है। कम बारिश का असर खेती पर भी दिखाई देने लगा है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, पानी की कमी से सोयाबीन, मक्का, धान और उड़द जैसी खरीफ फसलों की बढ़वार प्रभावित हो रही है। जुलाई के बाद बने चार बड़े बारिश सिस्टम इंदौर में असर नहीं दिखा सके और बुरहानपुर, खरगोन व बड़वानी की ओर चले गए।

## एमडी ड्रग्स केस में फरार आरोपी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। क्राइम ब्रांच इंदौर ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम शाहिद पिता अब्दुल सतार मंसूरी (26) निवासी फिरदौस नगर, ताज नगर, इंदौर है। वह पेशे से AC सुधारने का काम करता है। क्राइम ब्रांच उससे ड्रग्स के स्रोत, सप्लायर और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में पूछताछ कर रही है। क्राइम ब्रांच ने पहले आरोपी अल्फेज खान (19) को गिरफ्तार किया गया था। उसके कब्जे से 11.4 ग्राम MD ड्रग्स बरामद की गई थी, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1.10 लाख रुपए बताई गई थी। मामले की विवेचना के दौरान शाहिद की भूमिका सामने आई थी, जिसके बाद से वह फरार था और टीम उसकी तलाश में जुटी थी।

## युवती ने दोस्त पर कराई छेड़छाड़ की एफआईआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इन्दौर। जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में एक युवती ने अपने ही दोस्त के खिलाफ छेड़छाड़, पीछा करने, जान से मारने की धमकी देने और मोबाइल छीनकर ले जाने का मामला दर्ज कराया है। पीड़िता और आरोपी पिछले चार वर्षों से एक-दूसरे को जानते थे। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, निजी लैब में काम करने वाली युवती ने शिकायत में बताया कि उसकी केतन चितले से करीब चार साल से दोस्ती थी। कुछ समय पहले उसे पता चला कि केतन ऑनलाइन सट्टा खेलने का आदी है और नशा भी करता है। इस कारण उस पर काफी कर्ज हो गया था। पीड़िता ने आर्थिक मदद भी की, लेकिन उसके व्यवहार में कोई सुधार नहीं आया। युवती के अनुसार, जब उसने केतन से बातचीत बंद कर दी तो वह नौकरी पर आने-जाने के दौरान उसका पीछा करने लगा। आरोप है कि उसने कई बार शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाया और कहा कि वह उसे छोड़कर किसी और से शादी नहीं कर सकेगी। विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने बताया कि एक रात आरोपी लैब के बाहर पहुंच गया और गाली-गलौज करने लगा। इसके बाद उसने धक्का देकर कार्यालय के अंदर से उसका मोबाइल उठा लिया और अपने साथ ले गया।

# नरोत्तम की भूमिका की समीक्षा जांच समिति करेगी : आशुतोष तिवारी

## दतिया हार पर भाजपा में मंथन तेज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। दतिया विधानसभा उपचुनाव में मिली हार के बाद भाजपा में समीक्षा का दौर शुरू हो गया है। पार्टी प्रत्याशी रहे आशुतोष तिवारी ने हार के कारणों को लेकर कहा कि पूरी स्थिति की जांच पार्टी की समीक्षा समिति करेगी। पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा की भूमिका पर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि कौन कितना जिम्मेदार है, इसका फैसला भी जांच समिति ही करेगी।**

भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे आशुतोष तिवारी ने मीडिया से चर्चा में कहा कि पार्टी चुनाव में कांग्रेस की रणनीति को पूरी तरह समझ नहीं सकी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने सुनियोजित तरीके से चुनाव लड़ा और भाजपा उसकी रणनीति को समय रहते नहीं भांप पाई। उन्होंने कहा कि अगर अनजाने में पार्टी के कुछ लोग भी उस रणनीति का हिस्सा बने हैं तो उनकी भी पहचान की जाएगी और पूरी समीक्षा होगी। उन्होंने कहा कि हार के बावजूद भाजपा का वोट प्रतिशत पहले से बेहतर रहा है और 2023 के विधानसभा चुनाव की तुलना में हार का अंतर भी कम हुआ है। इसे उन्होंने सकारात्मक पक्ष बताते हुए कहा कि जनता का आशीर्वाद पहले से अधिक मिला है और वह आगे भी क्षेत्र की सेवा करते रहेंगे। चुनाव में भीतरघात के सवाल पर आशुतोष तिवारी ने सीधे आरोप लगाने से बचते हुए कहा कि कहीं न कहीं कोई चूक जरूर हुई है। इसकी विस्तृत समीक्षा की जाएगी। समीक्षा पूरी होने से पहले किसी पर टिप्पणी करना उचित नहीं होगा। 2028 विधानसभा चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि वह खुद को पार्टी का एक सामान्य कार्यकर्ता मानते हैं। पार्टी नेतृत्व जो भी जिम्मेदारी देगा, उसका पूरी निष्ठा से पालन करेंगे। दतिया भाजपा जिला अध्यक्ष बनाए जाने की चर्चाओं को उन्होंने महज अटकल बताया और कहा कि यह फैसला पूरी तरह पार्टी नेतृत्व का होता है। पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा से हाल ही में हुई मुलाकात को लेकर भी उन्होंने सफाई दी। तिवारी ने कहा कि यह केवल एक सामान्य शिष्टाचार मुलाकात थी। इसके कोई राजनीतिक मायने नहीं हैं और इसे किसी अन्य रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।



हनुमान मंदिर हटाने के विरोध में प्रदर्शन

# उज्जैन के कंठाल चौराहे पर बजरंग दल ने किया चकाजाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** उज्जैन के कंठाल चौराहे पर सिंहस्थ 2028 के चौड़ीकरण कार्य के दौरान हनुमान मंदिर हटाने की आशंका को लेकर हिंदू समाज और बजरंग दल ने विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने एक घंटे तक चकाजाम किया, जिसे निगम अधिकारियों के आश्वासन के बाद समाप्त किया गया।

प्राचीन संकट मोचन हनुमान मंदिर को लेकर यह विवाद गहरा गया है। विकास कार्य के दौरान मंदिर हटाए जाने की आशंका के चलते देर रात हिंदू समाज, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। उन्होंने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया, महाआरती की और फिर विरोध प्रदर्शन करते हुए चकाजाम किया। बजरंग दल के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि शहर के विकास के नाम पर अब तक 25 से 30 मंदिर हटाए जा चुके हैं। उनका कहना है कि प्राचीन मंदिरों को लगातार हटाकर सनातन संस्कृति और हिंदू समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाई जा रही है। संगठन ने मांग की कि यदि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाती है, तो वह सभी धार्मिक स्थलों पर समान रूप से लागू होनी चाहिए। बजरंग दल ने चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में किसी मंदिर के साथ छेड़छाड़ की गई या रात के समय कोई कार्रवाई की गई, तो अगले दिन शहर बंद कर उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस पूरे मामले में नगर निगम के अपर आयुक्त संतोष टैगोर ने बताया कि कंठाल चौराहे पर नाली निर्माण कार्य के दौरान कुछ तकनीकी दिक्कतें सामने आई थीं। इसी संबंध में मंदिर समिति, विश्व हिंदू परिषद और स्थानीय लोगों के साथ चर्चा की गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी पक्षों के साथ बैठक कर आपसी सहमति से निर्णय लिया जाएगा और उसके बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।



# लोन से छुटकारा पाने ससुर को मार डाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भिंड, एजेंसी।** के मौ थाना क्षेत्र के घूमरी गांव में 20 जुलाई को हुई अतर सिंह जाटव की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। जांच में सामने आया कि हत्या मृतक के दामाद और छोटे भाई ने मिलकर की थी। पुलिस के मुताबिक, दोनों की साजिश का मकसद अतर सिंह के नाम पर खरीदी गई कार की ईएमआई से छुटकारा पाना था। वारदात के बाद आरोपी करीब 24 घंटे तक शव को कार की डिग्गी में लेकर घूमते रहे और फिर पुलिया के नीचे फेंककर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। 22 जुलाई की सुबह मौ पुलिस को पुलिया के नीचे शव मिलने की सूचना मिली। शव की पहचान घूमरी निवासी 45 वर्षीय अतर सिंह जाटव के रूप में हुई। सूचना मृतक के दामाद बबलू जाटव ने दी थी। पुलिस के अनुसार, इसके बाद अतर सिंह के छोटे भाई ने उसके मुंह में जहर की गोली डालकर ऊपर से पानी पिला दिया, जिससे जहर उसके पेट में पहुंच गया। इसके बाद आरोपियों ने गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस का दावा है कि हत्या को इसी सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया।

बड़वानी में 'तालिबानी सजा'

# महिला और उसके प्रेमी को पूरी रात खंभे से बांधा, सुबह में गांव घुमाया, तीन गिरफ्तार



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वानी, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले में कथित विवाहेतर संबंधों के संदेह में एक महिला और उसके कथित प्रेमी को रातभर बिजली के खंभे से बांधकर रखने और अगले दिन पूरे गांव में घुमाने के मामले में पुलिस ने महिला के पति समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों को अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

एसडीओपी महेश सुनैया ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में महिला का पति, उसका देवर और भतीजा शामिल हैं। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। ग्राम सरपंच की सूचना पर कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची, दोनों पीड़ितों को मुक्त कराया और महिला के मायके और ससुराल पक्ष के बीच तनाव की स्थिति को नियंत्रित किया।

पुलिस के अनुसार, 35 वर्षीय महिला का न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष बयान दर्ज कराया गया है, जिसमें उसने अपनी शिकायत में लगाए गए आरोप दोहराए हैं। मारपीट में घायल महिला और उसके कथित प्रेमी का मेडिकल परीक्षण कर उपचार कराया गया।

महिला ने शिकायत में आरोप लगाया है कि उसकी शादी करीब 15 वर्ष पहले हुई थी और उसके दो बच्चे हैं। उसका पति शराब के नशे में अक्सर उसके साथ मारपीट करता था। करीब पांच वर्ष पहले उसके पति के एक रिश्तेदार, जो पेशे से चालक है, उनसे उसके संबंध बन गए थे।

बड़वानी पुलिस के मुताबिक, करीब दो महीने पहले महिला अपने बच्चों को पति के पास छोड़कर मायके चली गई थी। बाद में पति उसे वापस ले आया, लेकिन महिला उसके साथ रहने के बजाय कथित प्रेमी द्वारा उपलब्ध कराए गए मकान में रहने लगी।

शिकायत के अनुसार, रविवार शाम पति और उसके परिजनों ने महिला और उसके कथित प्रेमी को एक साथ देखा। इसके बाद दोनों के साथ मारपीट की गई, उन्हें घर के बाहर बिजली के खंभे से बांध दिया गया और पूरी रात बारिश में बंधक बनाए रखा गया। अगले दिन दोनों को बंधी हुई अवस्था में गांव में घुमाया गया।

ठीकरी थाना प्रभारी विकास बैनल ने बताया कि महिला के अनुरोध पर उसे पुलिस सुरक्षा में उसके एक रिश्तेदार के घर भेज दिया गया है, जबकि उसके दोनों बच्चे फिलहाल अपने दादा-दादी के साथ रह रहे हैं। एसडीओपी सुनैया ने कहा कि महिला ने अब तक केवल तीन गिरफ्तार आरोपियों के नाम ही शिकायत में दर्ज कराए हैं और फिलहाल किसी अन्य व्यक्ति को आरोपी नहीं बनाया गया है।

# 80 फीट ऊंचे किले से कूदी महिला, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**महेश्वर, एजेंसी।** ऐतिहासिक अहिल्या घाट पर गुरुवार सुबह 9.30 बजे एक महिला ने किले की ऊंची दीवार से छलांग लगा दी। गंभीर चोट लगने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला किले की दीवार पर चढ़ी और अचानक नीचे छलांग लगा दी। ऊंचाई से गिरने के कारण उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद घाट पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही महेश्वर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान लक्ष्मीबाई पति हरभजन सिंह (55) निवासी अंबेडकर वार्ड, महेश्वर के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने पर महिला के बेटे और बेटी भी अस्पताल पहुंच गए।

# छुट्टी पर घर आए सेना के जवान ने पत्नी के सिर में मारी दो गोली

## आठ साल पहले हुई थी दोनों की शादी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना, एजेंसी। मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में छुट्टी पर आए सेना के एक जवान ने कथित तौर पर अपनी लाइसेंसी पिस्टल से पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने बताया कि घटना अंबाह थाना क्षेत्र के खजुरी रोड की है।**

आरोपी सोनू सिकरवार ने बुधवार देर रात अपनी पत्नी रानी (33) के सिर में दो गोलियां दाग दीं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर मुरैना पुलिसमौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।



पुलिस ने बताया कि आरोपी सेना का जवान है और करीब 10 दिन पहले ही छुट्टी पर घर आया था। प्रारंभिक जांच में घटना से पहले पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद होने की जानकारी सामने आई है।

घटना के बाद पुलिस ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए। विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने बताया कि हत्या के पीछे की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है। पारिवारिक विवाद सहित सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारी रवि भदौरिया ने बताया कि आरोपी को पुलिस हिरासत में ले लिया गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। गुरुवार की सुबह रानी के मायके वालों ने थाने में प्रदर्शन किया। साथ आरोपी के खिलाफ बुलडोजर एक्शन की मांग की है।

फौजी के साथ रानी की शादी 2018 में हुई थी। उसकी एक छह साल की बच्ची है। आरोपी 2016 में सेना में भर्ती हुआ था। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है।

एक निवेदन

यदि आप साहस और निर्भीकता से खोजी पत्रकार के रूप में कार्य करना चाहते है और अपने आसपास के भ्रष्टाचार/अपराध/अव्यवस्थाओ को उजागर करना चाहते है ।

तो आइए आप हमारे वेबपोर्टल और यूट्यूब चैनल के साथ क्राइम रिपोर्टर के रूप में कार्य करे।

कृपया हमारी वेबसाइट पर जाकर खुद को रजिस्टर्ड करे ।

www.detectivegroupreport.com

या फिर हमें आपका पूरा बॉयोडाटा मेल करे

detectivegroupreport@gmail.com

(आपके सुझाव/लेख /न्यूज़ और सूचना का सदैव स्वागत है )

## संपादकीय

### भारत-बांग्लादेश संबंध: शेख हसीना का ऐलान और कूटनीति की नई परीक्षा

दो साल पहले इसी वक्त बांग्लादेश जबरदस्त राजनीतिक अस्थिरता में फंसा हुआ था और उसकी आंच पहुंच रही थी भारत तक, क्योंकि शेख हसीना का विमान ढाका से उड़कर दिल्ली में लैंड हुआ था। दो साल बाद फिर शेख हसीना को लेकर दोनों देशों के रिश्तों में उथल-पुथल मची है। वजह है, बांग्लादेश की निर्वासित पीएम की पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस, जिसे उन्होंने वर्चुअली संबोधित किया था। भारत का स्टैंड: बांग्लादेश सरकार ने पहले ही चिंता जताई थी कि अगर शेख हसीना की प्रेस कॉन्फ्रेंस होती है, तो द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने के लिए चल रहे प्रयासों पर असर पड़ सकता है। हालांकि भारत ने पहले ही इस कार्यक्रम से दूरी बना ली थी। कॉन्फ्रेंस की सबसे अहम बात रही शेख हसीना का दिसंबर में अपने देश लौटने का ऐलान। उनकी तरफ से यह घोषणा ऐसे समय आई है, जब बांग्लादेश सरकार लगातार उनके प्रत्यर्पण की मांग उठा रही है। पिछले साल दिसंबर में बांग्लादेश के इंटरनैशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल ने एकतरफा सुनवाई करते हुए शेख हसीना को मौत की सजा सुनाई थी। तब वहां अंतरिम सरकार थी और अब चुनी हुई, लेकिन ऐसा लगता है कि राजनीतिक प्रतिशोध की भावना अब भी बनी हुई है। हसीना की प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए पूर्व क्रिकेट कप्तान शाकिब अल हसन के घर हुआ हमला तो यही बताता है। वहीं, पीएम तारिक रहमान के एक करीबी सहयोगी ने हसीना को तुरंत लौटने की चुनौती दी है। यह पूरा विवाद भारत के कूटनीतिक कौशल की परीक्षा है। मोहम्मद यूनुस के दौर में जो संबंध बिल्कुल ही पटरी से उतर गए थे, उसे संभालने के प्रयास किए जा रहे हैं। हालांकि चीजें अब भी नाजुक बनी हुई हैं और मौजूदा घटनाक्रम से उस पर असर पड़ सकता है। याद रखना चाहिए कि गंगा जल संधि इस वर्ष खत्म होने वाली है। सीमा पर बाड़ लगाने और अवैध घुसपैठ का भी मुद्दा है। भारत की चिंता है कि मोहम्मद यूनुस ने जो प्रो-चीन नीतियां अपनाई थीं, वे अब भी जारी हैं। दोनों देशों के रिश्तों में एक बड़ा मोड़ अगले महीने नई दिल्ली में आयोजित 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान आ सकता है। इसके आउटरीच सेशन के लिए बतौर बिम्सटेक के मौजूदा अध्यक्ष बांग्लादेशी पीएम को भी न्योता भेजा गया है। अगर तारिक आते हैं, तो रिश्तों की असहजता को दूर करने में मदद मिलेगी, लेकिन इसके लिए जरुरी है कि इस वक्त हालात को संभाला जाए।

## महिला जगत

# अपने उसूलों पर जिंदगी जी रही देश की नारी, बिना किसी साथ के अकेले ही जा रहीं Trip पर

अकेले यात्रा करने वाली महिलाओं का चलन अब सिर्फ़ एक ट्रेंड नहीं रह गया है, इसने महिलाओं के यात्रा करने के तरीके को ही बदल दिया है। पिछले दशक में महिलाओं के लिए यात्रा की परिभाषा बदल गई है। भारत में, हाल के वर्षों में अकेले यात्रा करने वाली महिलाओं की संख्या बढ़ी है। पुरुषों पर निर्भर रहने से लेकर अकेले हिमालय में अनजान और अनोखी जगहों को खोजने तक, यह बदलाव पूरी तरह से उलट गया है। देश में अकेले घूमने वाली महिलाओं की संख्या बढ़ रही है।



### ● अलग- अलग लोगों से मिलने का मौका

यूरोप की पर्यटन कंपनी मैब्रियन और द डाटा कंपनी ने दुनियाभर में सिंगल महिला यात्रियों के घूमने की मांग का विश्लेषण किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, एडवेंचर ट्रैवल के लिए 47 फीसदी यात्री एकल के रूप में पंजीकृत हैं। इन एकल यात्रियों में 85 फीसदी महिलाएं हैं। इसके मुख्य रूप से दो कारण हैं: घूमने-फिरने से मिलने वाली आज़ादी और अलग-अलग तरह के लोगों से जुड़ने का मौका। सोचिए, अलग-अलग उम्र, बैकग्राउंड और जगहों की महिलाएं एक साथ आ रही हैं। वे सब मिलकर यात्रा करने का जोश और उत्साह लेकर आती हैं। ऑफबीट पहाड़ों से लेकर बद्रीनाथ मंदिर दर्शन जैसी आध्यात्मिक जगहों तक, महिला ट्रैवलर्स हर जगह हैं। कई महिलाओं का मानना है कि ट्रैवलिंग उनके लिए आज़ादी को अपनाना है। जबकि कई दूसरों के लिए, यह रोज़ की भागदौड़ से बचने का एक तरीका है। रिपोर्ट के मुताबिक, हाल के सालों में अकेली महिला एक्सप्लोरर्स की संख्या में तेज़ी से बढ़ोतरी देखी गई है।

### ● बेहतर टूरिज्म इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ सेफ्टी

भारत सुरक्षित ट्रैवल एक्सपीरियंस देने की तरफ बढ़ रहा है। घूमने-फिरने के शौकीन लोगों की मदद के लिए सर्विलांस, 24/7 महिला हेल्पलाइन, महिला ड्राइवर, अलग कोच, महिला टूर लीडर और कई दूसरी पहलें शुरू की गई हैं। महिलाओं पर फोकस करने वाली सुविधाओं से महिलाओं के लिए एक सुरक्षित माहौल को बढ़ावा मिलता है। शहर के शोर से बचना- हर कोई टाइट डेडलाइन पर काम कर रहा है, और भागदौड़ वाले कल्चर में इस बढ़ोतरी ने फिजिकल हेल्थ पर बुरा असर डाला है। एंग्जायटी, बर्नआउट और स्ट्रेस लेवल अब नई नॉर्मल बात हो गई है। ट्रैवलिंग को अक्सर इस मुश्किल से बाहर निकलने का एक तरीका माना जाता है। लोग खास तौर पर इसी वजह से ट्रिप पसंद करते हैं। एक सिंपल गेटअवे आपको तरोताजा होने और मजबूत होकर वापस आने में मदद कर सकता है।



### ● महिलाओं की फाइनेंशियल इंडिपेंडेंस

महिलाओं की स्थिति 'कमजोर तबके' से बदलकर समाज में आत्मनिर्भरता का दर्जा पाने तक पहुंच गई है। मॉडर्न महिलाओं को कोई लिमिट नहीं पता। वे जल्दी फाइनेंशियल इंडिपेंडेंस हासिल कर लेती हैं। यह महिलाओं के सोलो ट्रिप को बढ़ाने वाले सबसे ज़रूरी फैक्टर्स में से एक है। ज़्यादा महिला ट्रैवलर हिमालयी जगहों की तरफ़ जा रही हैं। महिला बैकपैकर्स के बीच हिमालय की पॉपुलैरिटी बढ़ रही है। इसका एक मुख्य कारण इस इलाके का मेहमाननवाज़ी वाला कल्चर है। दूसरा कारण है सुरक्षा; यह इलाका महिलाओं के लिए एक सुरक्षित जगह है। यहां कुछ मशहूर हिमालयी जगहें हैं; ऋषिकेश में आध्यात्मिकता में डूब जाएँ: चाहे गंगा आरती में शामिल होना हो या बीटल्स आश्रम घूमना हो, यह जगह महिला ट्रैवलर्स के लिए बहुत अच्छी है। इसे भारत में अकेली महिलाओं के ट्रैवल के लिए सबसे सुरक्षित शहरों में से एक माना जाता है। आध्यात्मिक हब होने के नाते, ऋषिकेश ट्रैवल के शौकीनों के बीच पॉपुलर है।

Jharkhand

# झारखंड में 14वें दिन पहुंचा छात्रों का आंदोलन... देर रात वार्ता में नहीं बनी सहमति, आज फिर होगी बातचीत

**रांची, झारखंड, (एजेंसी)** झारखंड में जेपीएससी और जेएसएससी भर्ती परीक्षाओं में कथित गड़बड़ी को लेकर छात्रों का आंदोलन शुक्रवार को 14वें दिन में प्रवेश कर गया. रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में चल रहे इस धरने में छह प्रदर्शनकारी भूख हड़ताल पर बैठे हैं. देर रात प्रशासन और छात्र प्रतिनिधियों के बीच बातचीत हुई, लेकिन प्रतिनिधिमंडल की संरचना को लेकर सहमति नहीं बन पाई और वार्ता आगे नहीं बढ़ सकी.



इसी बीच जेपीएससी भर्ती परीक्षा में कथित अनियमितताओं की जांच कर रही सीआईडी की कार्रवाई भी तेज हो गई है और अब तक 19 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है. सूत्रों के अनुसार, दोपहर में सरकार और छात्रों के प्रतिनिधिमंडल के बीच बातचीत होगी. आंदोलन 25 जुलाई को जेपीएससी-जेएसएससी रिफॉर्म्स मंच के बैनर तले शुरू हुआ था और यह राज्य के हाल के वर्षों के सबसे बड़े छात्र आंदोलनों में से एक बन गया है. प्रदर्शनकारी 14वीं जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा को रद्द करने और मामले की स्वतंत्र जांच सीबीआई या राज्य से बाहर के रिटायर्ड हाईकोर्ट जजों की समिति से कराने की मांग कर रहे हैं. वे जेपीएससी और जेएसएससी में बड़े सुधारों की मांग भी कर रहे हैं. गुरुवार देर रात करीब साढ़े दस बजे रांची के एसडीओ कुमार रजत और एडीएम लॉ एंड ऑर्डर धनंजय कुमार आंदोलन स्थल पहुंचे और छात्र प्रतिनिधियों से बातचीत की. प्रशासन ने साफ किया कि सरकार सिर्फ छात्र प्रतिनिधियों से ही बात करेगी, जबकि छात्र अपने पहले से तय 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल पर अड़े रहे, जिसमें एक पत्रकार और एक वकील को भी शामिल करने की मांग की गई थी.

Maharashtra

## दही हांडी उत्सव के लिए गोविंदाओं का बीमा, मौत पर 10 लाख

**मुंबई, (एजेंसी)** महाराष्ट्र में सालाना दही हांडी उत्सव से पहले, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की सरकार ने राज्य भर में उत्सव में भाग लेने वाले लगभग 1.60 लाख गोविंदाओं के लिए एक व्यापक बीमा योजना शुरू की है। राज्य सरकार ने घोषणा की है कि वह इस साल दही हांडी उत्सव के दौरान 1,60,000 गोविंदाओं को बीमा देगी। 2025 में राज्य ने 1,50,000 खिलाड़ियों का बीमा करने का प्रावधान किया था।

हर गोविंदा की मौत, या दो हाथ-पैर या दो आंखें खोने पर 10 लाख रुपये का बीमा किया जाएगा, और एक हाथ-पैर या एक आंख खोने पर 5 लाख रुपये का बीमा किया जाएगा। अस्पताल में भर्ती होने, पूरी तरह से और आंशिक रूप से पूरी तरह से विकलांग होने पर 1 से 10 लाख रुपये तक की अलग-अलग रकम दी जाएगी। सरकारी अस्पताल मुफ्त इलाज करेंगे। बीमा कंपनी अभी तय नहीं हुई है।

दुर्घटना के कारण स्थायी रूप से पूरी तरह विकलांग होने वाले लोग भी मुआवजे के रूप में 10 लाख रुपये पाने के हकदार होंगे। स्थायी आंशिक विकलांगता के मामलों में, बीमा पॉलिसी में निर्दिष्ट नियमों और शर्तों के अनुसार मुआवजा दिया जाएगा।

Jammu & Kashmir

## पीओके में चुनाव के बीच भारत में बड़े आतंकी हमले की साजिश, हैंडलर्स की बातचीत पर एजेंसियां अलर्ट

**श्रीनगर, (एजेंसी)** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के पुंछ डिवीजन की 11 सीटों पर 10 अगस्त को होने वाले तीसरे चरण के मतदान से दुनिया का ध्यान भटकाने के लिए पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर के साथ ही देश के अन्य हिस्सों में बड़े आतंकी हमलों की साजिश रच रहा है।

आतंकियों के बीच हुई बातचीत और उनके संदेश इंटरसेप्ट होने पर सुरक्षा एजेंसियों को यह महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। एजेंसियों के अनुसार, इन संभावित हमलों को पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के खिलाफ स्थानीय लोगों के कथित प्रतिरोध के रूप में प्रचारित करने की तैयारी कर रहा है, ताकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भ्रामक संदेश दे सके। उसकी कोशिश पीओके में हो रहे नरसंहार से पूरी दुनिया का ध्यान भटकाकर भारत पर केंद्रित करना है।



पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के मुजफ्फराबाद, रावलाकोट, कोटली और मीरपुर में जारी आंदोलन को नियंत्रित करने में विफल रहने के बाद पाकिस्तान ने अब प्रभावित क्षेत्रों में बड़ी संख्या में पाकिस्तानी रेंजरों की तैनाती कर दी है। सूत्रों के अनुसार, इन जवानों को सेटेलाइट निगरानी से बचाने के लिए सिविल ड्रेस पहनाई गई है। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार चारों प्रमुख शहरों के सरकारी भवनों, प्रशासनिक परिसरों, प्रमुख चौराहों और ऊंची इमारतों पर पाकिस्तानी रेंजरों की मौजूदगी देखी गई है।

Uttarpradesh

**अमरोहा में दर्दनाक हादसा**

## निर्माणाधीन मकान का लिंटर भरभराकर गिरा, मां-बेटे समेत तीन की मौत, छह लोग घायल



**सैदनगली (अमरोहा), (एजेंसी)** यूपी के अमरोहा जिले के थाना क्षेत्र के गांव ताजपुर डूंगर में बृहस्पतिवार दोपहर किसान के निर्माणाधीन मकान का लिंटर अचानक भरभराकर गिर गया, जिससे उसके नीचे बैठे परिवार के लोग और रिश्तेदार मलबे में दब गए। हादसे में किसान की बेटी मीना (26), नाती जसप्रीत (02) और सास सुमरती (65) की मौत हो गई जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद गांव में चीख-पुकार मच गई और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गांव निवासी किसान मुरारी अपने खेत में नया मकान बनवा रहे थे। बृहस्पतिवार दोपहर करीब तीन बजे मकान के लिंटर की ढलाई पूरी हुई थी। इसी दौरान बारिश शुरू हो गई, जिससे परिवार के सदस्य और रिश्तेदार बचाव के लिए निर्माणाधीन मकान के लिंटर के नीचे बैठकर खाना खाने लगे। तभी अचानक लिंटर भरभराकर नीचे गिर पड़ा और सभी उसके मलबे में दब गए। हादसे की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े और बचाव कार्य शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद मलबे में दबे नौ लोगों को बाहर निकाला गया। हादसे में मुरारी की बेटी मीना, दो वर्षीय नाती जसप्रीत और सास सुमरती की मौत हो गई। वहीं दामाद शिव कुमार, नाती नवीन, ससुर केशवराम, बेटा प्रशांत, भतीजा शिवम और ग्रामीण रवि घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

खेल

# टेस्ट और वनडे के अलावा टी20 भी खेलेगी टीम इंडिया, साउथ अफ्रीका दौरे के शेड्यूल में संशोधन

जोहानिसबर्ग। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने इस साल के अंत में भारतीय महिला टीम के दक्षिण अफ्रीका दौरे के कार्यक्रम में संशोधन किया ताकि एक टेस्ट और तीन वनडे मैच के साथ तीन टी20 इंटरनेशनल मैच को भी इसमें शामिल किया जा सके। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार एकमात्र टेस्ट मैच नौ से 12 दिसंबर तक खेला जाएगा। इसके बाद 16 से 22 दिसंबर के बीच तीन मैच की वनडे सीरीज आयोजित होगी।



### टी20 सीरीज 26 दिसंबर से

भारतीय महिला टीम दक्षिण अफ्रीका में एक अतिरिक्त सप्ताह तक रुकेगी और 26 से 30 दिसंबर के बीच तीन मैच की टी20 सीरीज खेलेगी। टी20 मुकाबले बेनोनी और पोशेफस्ट्रूम में खेले जाएंगे। सीएसए का मानना है कि यह सीरीज दोनों टीमों के लिए फरवरी में श्रीलंका में आयोजित होने वाली पहली महिला चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारी का बेहतरीन मौका होगी।

सीएसए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) फोलेट्सी मोसेकी ने एक बयान में कहा, 'हमें भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे के संशोधित कार्यक्रम की पुष्टि करते हुए प्रसन्नता हो रही है। टी20 सीरीज को शामिल करने से हमारी महिला टीम को अगले वर्ष की शुरुआत में श्रीलंका में होने वाली पहली आईसीसी महिला चैंपियंस ट्रॉफी की बेस्टैट यारी का मौका मिलेगा। भारत विश्व क्रिकेट की सबसे मजबूत टीम में से एक है। तीनों प्रारूपों में उनके खिलाफ खेलने का मौका हमारे लिए बेहद अहम होगा क्योंकि हम एक और बड़े आईसीसी टूर्नामेंट की तैयारी कर रहे हैं। '

### टी20 विश्व कप में भारत का निराशाजनक प्रदर्शन

भारतीय महिला टीम ने इस साल मार्च-अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका का दौरा किया था जहां उसे पांच मैच की टी20 सीरीज में 1-4 से हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद दोनों टीमें इंग्लैंड में आयोजित महिला टी20 विश्व कप में आमने-सामने हुईं जिसमें दक्षिण अफ्रीका ने भारत को हराकर उसके सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को बड़ा झटका दिया। पिछले साल भारत ने साउथ अफ्रीका को ही हराकर महिला विश्व कप का खिताब जीता था।

सिनेमा

## काश वह तानाशाह होते, अनुपमा फेम रुपाली गांगुली का बड़ा बयान, किया पीएम का सपोर्ट



NEET और दूसरे पेपर लीक को लेकर जबसे छात्रों का विरोध-प्रदर्शन शुरू हुआ है, तब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना करने वाले कई वीडियोज को सोशल मीडिया पर शेयर किया गया। हालांकि इस बीच कई सेलेब्स और लोगों ने प्रधानमंत्री के लिए गलत भाषा का इस्तेमाल करने से मना किया है। इस बीच अब अनुपमा शो की स्टार रुपाली गांगुली ने पीएम मोदी को लेकर कुछ ऐसा कहा कि उनका स्टेटमेंट वायरल हो रहा है। दरअसल, एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें एक माइनर लड़की लोगों से बोल रही है कि पीएम मोदी को गाली देने के बजाय उन्हें थप्पड़ मारे। रुपाली इस वीडियो पर काफी भड़क गई हैं और कहा कि काश पीएम मोदी तानाशाह होते। रुपाली ने लिखा, 'प्रधानमंत्री का इस तरह अपमान करने का नतीजा तो भुगतना ही होगा। काश हमारे प्रधानमंत्री तानाशाह होते।' इससे पहले रुपाली ने कॉकरोच जनता पार्टी के प्रोटेस्ट के दौरान लिखा था, 'जो लोग कानून को हाथ में ले रहे हैं और पब्लिक प्रॉपर्टी को खराब कर रहे हैं, पुलिस पर अटैक कर रहे हैं, उन्हें छात्र नहीं कहा जा सकता। ऐसे काम सिर्फ एक जायज मकसद को कमजोर करते हैं। पेपर लीक पर जस्टिस की मांग वैलिड है। छात्र एक फेयर एग्जामिनेशन सिस्टम डिजर्व करते हैं।

## Highlights

1. Sonam Wangchuk reveals if he will join Jharkhand student protesters in Ranchi
2. Tarun Tejpal jailed for 10 years for raping junior colleague in elevator in Goa
3. Govt reveals country-wise money spent on PM Modi's foreign visits
4. 'Will keep calling you until you understand law of land,' Govt told Meta officials
5. How did Bishnoi gang use Canada's student visa programme to run extortion racket in India?
6. Hemant Soren offers closed-door talks with Jharkhand students, they say 'Do it on camera'
7. Heavy to very heavy rainfall warning issued for several states, list released

# Bitcoin price today: BTC, Ethereum firm as Hormuz talks continue; can Bitcoin rally in August?




**NEW DElHI, (Agency).** Bitcoin and Ethereum prices opened higher on Thursday, August 6, as investors moved back toward riskier assets while negotiations linked to Iran and the Strait of Hormuz continued. A weaker-than-expected July jobs report from ADP also helped support crypto prices by reducing expectations of a possible US interest rate increase at the Federal Reserve's next meeting.

Bitcoin opened at $64,602.32 on Thursday, up 0.9% from Wednesday's opening price. By 9:40 a.m. ET, Bitcoin had slipped slightly to $64,216.91. Ethereum opened at $1,906.96, up 2.1% from Wednesday's opening price, according to Yahoo Finance. By 9:40 a.m. ET, Ethereum had moved slightly lower to $1,901.84.

Hormuz talks are helping market sentiment

One reason behind the stronger crypto prices is the latest developments around the Strait of Hormuz. Investors are watching negotiations involving Iran that could lead to a partial reopening of the important waterway.

The Strait of Hormuz is a major route for global oil shipments, so any improvement in the situation can reduce concerns about a fresh energy shock. As those concerns ease, investors may become more willing to put money into assets seen as riskier, including cryptocurrencies.

Weak ADP jobs data is also supporting prices

Another factor helping Bitcoin and Ethereum is the latest US private-sector jobs data. The ADP jobs report for July came in weaker than expected, according to the market data cited by Yahoo Finance.

A weaker jobs market can reduce expectations that the Federal Reserve will need to keep interest rates higher. Lower expectations for future rate increases can support riskier assets because investors may become more comfortable moving money away from safer investments.

Bitcoin is showing gains over the short term

Bitcoin's latest move looks stronger when compared with its recent performance. Bitcoin's opening price on Thursday was 1.1% higher than one week earlier. It was also 1.7% higher than one month earlier. However, the picture becomes much weaker when looking at the longer term.

Bitcoin is still sharply below its record high

Bitcoin remains far below the record level it reached last year. Its all-time high was $126,198.07 on October 6, 2025. At around $64,000 on Thursday morning, Bitcoin is roughly half the value of that record high. Yahoo Finance also reported that Bitcoin was 43.4% lower than its level one year earlier.

August could be a difficult month for Bitcoin

Bitcoin's recent gains come as the cryptocurrency enters a month that has historically been difficult for it. Yahoo Finance Senior Business Reporter Brooke DiPalma said August is typically a weaker month for Bitcoin.

On average, Bitcoin has fallen around 4.3% during August, according to the historical data discussed by DiPalma. There have been important exceptions.

एयरपोर्ट व कस्टम के दो कर्मचारी थे शामिल

# एक किलो सोने पर चांदी का पानी चढ़ाकर लाया था तस्कर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आबूधाबी से इंदौर के लिए शुरू हुई सीधी उड़ान में सोने की तस्करी के नेटवर्क का पर्दाफाश कर राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने तस्कर के अलावा सराफा व्यापारी, कस्टम कर्मचारी, एयरलाइंस कर्मचारी और ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।**

तस्कर एक किलो सोने के कड़े बनाकर लाया था। उस पर चांदी की परत चढ़ाई गई थी। एयरलाइंस के कर्मचारी वासुदेव बरनाले ने कस्टम जांच से पहले ही वह कड़ा तस्कर गोविंद पोरवाल से ले लिया और एयरपोर्ट के बाहर खड़े सराफा कारोबारी संजय मुंजे को सौंप दिया। डीआरआई की टीम एयरपोर्ट के बाहर भी तैनात थी। जैसे ही एक किलो सोने की डिलीवरी हुई, टीम ने उसे धर दबोचा। सप्ताह में चार दिन संचालित होने वाली इस उड़ान के जरिए आरोपी पहले भी तस्करी कर चुके थे, लेकिन आबूधाबी




से सोना लाने वाले तस्कर के पास से अधिकारियों को कभी कुछ नहीं मिला। दरअसल, तस्कर उड़ान से उतरने के बाद एयरोब्रिज पर ही सोना एयरलाइंस के कर्मचारी को दे देता था। सराफा व्यापारी संजय मुंजे हर बार तस्कर का सोना लाने के एवज में कर्मचारियों को 10 हजार रुपये देता था। इस उड़ान में सोने की तस्करी की सूचना मिलने के बाद अधिकारियों ने यात्रियों का रिकॉर्ड खंगाला। पोरवाल पर पहले से ही शक था, लेकिन उसके पास से कभी सोना नहीं मिला। इस बार टीम ने उससे जुड़े पूरे नेटवर्क का भी पता लगाया। एक टीम एयरपोर्ट के बाहर तैनात की गई और बरनाले द्वारा एक किलो सोने की डिलीवरी देने तक इंतजार किया गया। खाड़ी देशों का सोना अच्छी गुणवत्ता का होने के साथ अपेक्षाकृत सस्ता भी होता है। इसके अलावा वहां और भारत के बीच कीमतों में भी अंतर रहता है। भारत में खाड़ी देशों से सोना लाने पर भारी आयात शुल्क देना पड़ता है। इसी शुल्क से बचने के लिए तस्करों की मदद से अवैध रूप से सोना भारत लाया जाता है, जिससे अच्छा मुनाफा कमाया जा सके।

ऑनलाइन बेटिंग रैकेट का खुलासा

## टेलीग्राम से चल रहा था पूरा नेटवर्क



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पुलिस ने ऑनलाइन सट्टेबाजी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए राऊ थाना क्षेत्र से एक कथित ऑनलाइन बेटिंग ऑपरेटर को गिरफ्तार किया है। आरोपी फ्लैट से इंटरनेट और कॉलिंग के माध्यम से ऑनलाइन सट्टे का नेटवर्क संचालित कर रहा था। पुलिस ने उसके कब्जे से नकदी, लैपटॉप, मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए हैं। मामले की जांच जारी है। राऊ पुलिस ने ट्रेजर फैंटेसी कॉलोनी में छापेमारी कर राहुल पुत्र प्रवीण निम्बोला को गिरफ्तार किया। आरोपी मूल रूप से धार जिले का निवासी है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से 40 हजार रुपए नकद, दो लैपटॉप, नौ स्मार्टफोन, सात एटीएम कार्ड और वाई-फाई उपकरण बरामद किए। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ऑनलाइन बेटिंग का पूरा नेटवर्क टेलीग्राम आधारित पैनल के जरिए संचालित किया जा रहा था। आरोपी ग्राहकों को जोड़कर ऑनलाइन सट्टेबाजी कराता था। पुलिस के अनुसार, जिस प्लेटफॉर्म के माध्यम से सट्टा संचालित किया जा रहा था, उसका नाम 'महाराजा 111' बताया जा रहा है। पुलिस को आशंका है कि सट्टेबाजी से जुड़े वित्तीय लेन-देन वर्चुअल बैंक खातों के माध्यम से किए जा रहे थे। पूरे नेटवर्क की पड़ताल के लिए जब्त किए गए मोबाइल फोन, लैपटॉप, बैंकिंग रिकॉर्ड और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, मामले की जांच जारी है।

## घर से दफ्तर जा रहे पिता और बेटे को बस ने मारी टक्कर, पिता की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर। फूटी कोठी क्षेत्र में तेज गति से आ रही बस ने बाइक पर अपने दफ्तर जा रहे पिता और पुत्र को टक्कर मार दी। टक्कर से बेटा तो सड़क के एक तरफ गिरा, लेकिन पिता को बस रौंदते हुए निकल गई। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है, लेकिन घटना के बाद चालक बस सहित फरार हो गया। पुलिस आसपास के कैमरों के फुटेज खंगालकर बस चालक का पता लगाने में जुटी है।**

इस हादसे में प्रताप नगर निवासी रुपेंद्र



लांभाते की मौत हो गई। वे अपने बेटे कपिश के साथ बाइक पर सवार होकर घर से निकले थे। उनका कार्यालय रीगल तिराहा क्षेत्र में है। फूटी कोठी से गुजरने के दौरान बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दरअसल, पिता-पुत्र सड़क के जिस तरफ से जा रहे थे, बस चालक ने सवारी बैठाने के चक्कर में बस उसी दिशा में मोड़ दी। बस पहले बाइक से टकराई, फिर पिता-पुत्र सड़क पर गिर पड़े। इस हादसे में कपिश को भी चोट आई है। बेटा कपिश एलएलबी की पढ़ाई कर रहा है, जबकि पिता एक वकील के दफ्तर में काम करते थे। बेटा भी पिता के साथ काम सीखने के बहाने दफ्तर जाकर बैठता था। रोज की तरह दोनों पिता-पुत्र घर से निकले थे, लेकिन इस हादसे ने बेटे के सिर से पिता का साया छीन लिया।




## गैस पाइपलाइन हादसे में एसडीएम के झूठे हलफनामे पर भड़का हाईकोर्ट, एसडीएम को किया तलब

**इन्दौर।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर पीठ ने विजयनगर क्षेत्र में हुए अवंतिका गैस लाइन ब्लास्ट मामले में जूनी इंदौर एसडीएम घनश्याम धनगर द्वारा प्रस्तुत किए गए झूठे शपथपत्र पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। न्यायालय ने प्रशासनिक लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम को स्वयं कोर्ट में उपस्थित होने का आदेश जारी किया है। विजयनगर इलाके के वार्ड 31 में 23 जून को गैस पाइपलाइन के ऊपर बोरिंग कार्य के दौरान भीषण विस्फोट हुआ था। इस हादसे में 4 लोग गंभीर रूप से झुलस गए थे। घटना के पश्चात अधिवक्ता रितेश इनानी ने हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर कर पीड़ितों के लिए नि:शुल्क इलाज और मुआवजे की मांग की थी। हादसे में गंभीर रूप से झुलसी मरीज झिनी झाला को उपचार के लिए अहमदाबाद के जायडस अस्पताल भेजा गया, जहां उनके इलाज का व्यय 15 लाख रुपये से अधिक हो चुका है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने हाईकोर्ट की खंडपीठ को सूचित किया कि जायडस अस्पताल लगातार बकाया 15 लाख रुपये के भुगतान के लिए पत्र भेज रहा है, परंतु अब तक 1 रुपया भी जारी नहीं किया गया है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक